# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 06.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–3 का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने नए भवन का निरीक्षण किया और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल उपस्थित थे। ये भवन व्यापक परिवर्तन के सेंट्रल विस्टा। परियोजना का हिस्सा है। यह आगामी साझा केन्द्रीय सचिवालय के कई भवनों में से पहला भवन है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और चुस्त–दुरस्त करना है। इस अवसर पर श्री मोदी शाम को एक सभा को संबोधित करेंगे।

**********************

आज शाम साढे छह बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक अभिभाषण के प्रसारण के कारण आकाशवाणी रांची से शाम 7 बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार 6 बजकर 15 मिनट पर ही प्रसारित किया जाएगा। वहीं, वीवीआईपी प्रसारण के कारण जिले में आजकल कार्यक्रम का प्रसारण आज रद्द रहेगा।

**********************

दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें अब तक होश नहीं आया है। वे लगातार लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। उनके ऑपरेशन को लेकर डॉक्टर कोई निर्णय नहीं ले सके हैं। इस बीच मुंबई और बेंगुलुरु से चिकित्सकों की एक विशेष टीम दिल्ली पहुंची है। गौरतलब है कि 2 अगस्त को श्री सोरेन अपने बाथरूम में गिर पड़े थे, जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली के अपोलो अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया है।

**********************

इस बीच विश्‍व आदिवासी दिवस के खास मौके पर राज्य में 9 अगस्त से प्रस्तावित तीन दिनों का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के अस्वस्थ होने का कारण बताते हुए आदिवासी महोत्सव स्थगित कर दिया है। आदिवासी दिवस आयोजित करने के लिए इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के चयन संबंधी टेंडर भी स्थगित कर दिया गया है।

**********************

चाईबासा स्थित एमपी–एमएलए विशेष न्यायालय से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। मानहानि मामले में जारी गैर ज़मानती वारंट के बाद राहुल गांधी ने आज अदालत में पेशी दी। अदालत ने 10,000 रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें सशर्त ज़मानत दी। उनके अधिवक्ता प्रणव दरीपा ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी और उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है।

**********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और उनके काफिले में शामिल सुरक्षा कर्मियों ने चार सड़क लुटेरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि श्री मुंडा आम्रेश्वर धाम में पूजा–अर्चना कर खूंटी लौट रहे थे। इसी दौरान सरितकेल गनालोया सड़क मार्ग पर कुछ संदिग्ध लोग दिखे। श्री मुंडा ने अपना काफिला रोक कर पूछताछ की तो पता चला कि कुछ लुटेरों ने मवेशी चरा रही एक बुजुर्ग महिला के कान से सोने की बाली खींच ली है। लूटपाट करने वाले चार लोग पश्चिम बंगाल का नंबर वाले सेलेरियो कार से जा रहे थे। मौके पर सभी लुटेरों को दबोचा गया और पुलिस के हवाले किया गया।

**********************

धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में हाइवा की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने धनबाद–बोकारो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे इस रास्ते पर आवागमन प्रभावित हुआ।

**********************

लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के पूर्वागढ़ में टाईगर सफारी खोलने की अनुमति मिल गयी है।

**********************

साहिबगंज में गंगा नदी में लगातार बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने रामपुर दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों से अपील की है कि शीघ्र प्रशासन द्वारा बनाये गये सुरक्षित आश्रय स्थलों में जाकर शरण लें। जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने आज इस सिलसिले में रामपुर दियारा क्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

**********************

झारखंड में मॉनसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 6 से 8 अगस्त तक राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 9 से 11 अगस्त तक भी मौसम लगभग इसी तरह का बना रहेगा। कहीं भी जोरदार बारिश के आसार नहीं हैं।

********समाप्त********